1021
16/2/13

[redacted] विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

खण्ड–2 संख्या–21

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

**दिनांक : 27 जून, 1995 ई०**

1. क्या यह बात सही है कि हजारीबाग स्थित जिला स्कूल, हजारीबाग में 10 शिक्षकों के पद रिक्त हैं जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है;

2. यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त रिक्त पद पर शिक्षकों का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** 1. वस्तुस्थिति यह है कि 12 शिक्षकों से पढ़ाई कार्य चलाया जा रहा है।

2. ज़िला स्कूलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु रोस्टर क्लीयसरेंस के लिए भेजा गया है। रोस्टर क्लीयरेंस के उपरांत शीघ्र नियुक्ति की कार्रवाई संभव है।

## वेतन का भुगतान

***1866. श्री टेक लाल महतो :** क्या मंत्री विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार रेशम एवं वस्त्र संस्थान नाथनगर, भागलपुर को सरकार की अधिसूचना सं० 3024 दिनांक 17-12-94 द्वारा सभी पद एवं सभी पदधारकों के साथ विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग में सौप दिया गया है?

2. क्या यह बात सही है कि रेशम एवं वस्त्र संस्थान नाथनगर भागलपुर के सभी पदधारक पदाधिकारी/कर्मचारी के वेतन अप्रील 95 तक ही भुगतान हुआ। उसके बाद मई 95 से वेतन बन्द कर दिया गया है?

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीक़ारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त संस्थान के पदा०/कर्मचारी के बन्द वेतन भुगतान को पुनः चालू कराने का

विचार रखाती है, यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों?

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** 1. स्वीकारात्मक है।

2. स्वीकारात्मक है।

3. संस्थान के हस्तांतरण से संबंधित सभी प्रक्रियाएँ पूरी नहीं हुई है। जबतक ये प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जाती है तबतक संस्थान के पदाधिकारी/कर्मचारी का वेतन भुगतान उद्योग के ही शीर्ष से होगा। इस आशय का आदेश उद्योग विभाग द्वारा निर्गत किया जा रहा है।

## शिक्षकों का पदस्थापन

*1867. **श्री गुरूदास चटर्जी :** क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि धनबाद जिला के प्राथमिक विद्यालयों में बंगला विषय तथा बंगला भाषी शिक्षकों के पदस्थापन नहीं होने के कारण प्राथमिक स्तर के बच्चे विद्यालय में समझ नहीं पाते हैं, जिसके कारण 25 प्रतिशत छात्रों का विद्यालय से पलायन हो गया है,
2. यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निरसा प्रखंड के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों में बंगला विषय अथवा बंगला भाषी शिक्षकों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** 1. उत्तर अस्वीकारात्मक है।

2. जिला शिक्षा अधीक्षक, धनबाद के प्रतिवेदनानुसार निरसा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालयों में बंगला भाषी शिक्षक को